DIGICONTENT LIMITED

**DIGICONTENT LIMITED**
Registered Office: Hindustan Times House (2nd Floor)
18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi–110 001, India
**T:** +9111 66561234 **F:** +911166561270
**W:** www.digicontent.co.in **E:** corporatedept@digicontent.co.in
CIN: L74999DL2017PLC322147

**Ref:** DCL/CS/160/2020

14th July, 2020

BSE Limited
P.J. Tower, Dalal Street
**MUMBAI - 400 001**

The National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C/1, G Block
Bandra - Kurla Complex, Bandra (East)
**MUMBAI - 400 051**

**Scrip Code: 542685**

**Trading Symbol: DGCONTENT**

Dear Sirs,

**Sub: Newspaper advertisement- Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

**Re: Notice of Board Meeting to be held on July 21, 2020 and intimation of closure of trading window**

In furtherance to our letter dated 13th July, 2020, copies of advertisement of aforesaid notice published in "Hindustan" (Hindi) and "Mint" (English) newspapers on 14th July, 2020, are enclosed herewith.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,

For **DIGICONTENT LIMITED**

VIKAS PRAKASH

Digitally signed by VIKAS PRAKASH
DN: c=IN, st=Delhi, 2.5.4.20=4231d42dd5dd931a115a25d053f015f00d651bd94ae33a739c95ee56e73c1ceb, postalCode=110091, street=East Delhi, serialNumber=cf2e2406d6009fa28c54b342ad984c0ebefeee67eef203d3c2d0943bedefdae6, o=Personal, cn=VIKAS PRAKASH
Date: 2020.07.14 14:25:17 +05'30'

**(Vikas Prakash)**

**Company Secretary**

**Encl.:** As above

नारी स्वास्थ्य!
समस्याएँ अनेक
बेजोड़ उपाय 'हेमपुष्पा'
अश्वगंधा, मुलेठी, मूसली, ज़िंक आदि युक्त
90 वर्षों से No.1* औषधि व टॉनिक

✓ कमर व पेडू में दर्द
✓ खून की कमी, कमज़ोरी
✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून साफ़ करे, रुप निखारे
आदि में सहायक
इम्यूनिटी बढ़ाए सुरक्षित रखे
हेमपुष्पा
असरदार और भरोसेमंद
Most Trusted Brand of Asia
No. 1
मिलती-जुलती पैकिंग व विज्ञापन से भ्रमित न हों, सर्वोत्तम हेमपुष्पा ही लें
*Source: Brand Research Report, IBC 2018
Samvad-2317HH

● तीन नाबालिगों के हमले में युवक ने दम तोड़ा ● वहां से गुजर रहे लोगों में से किसी ने मदद नहीं की

# खौफनाक : बीच सड़क युवक को 70 चाकू मारे


रघुबीर नगर में बीच सड़क पर चाकुओं से हमला बोलते नाबालिग। • वीडियो ग्रैब

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

रघुबीर नगर इलाके में बीच सड़क पर चाकुओं से गोदकर हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक नाबालिग ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर युवक की बीच सड़क पर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। तीनों नाबालिगों ने मनीष मेहता पर 70 दफा चाकुओं से वार किया और फरार हो गए। पूरी वारदात सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

इसका वीडियो बाद में सोशल मीडिया में वायरल हो गया। मनीष ने एक नाबालिग को डेढ़ महीने पहले बाइक पर स्टंट करने से रोका था और उसे डांट लगाई थी।

घटना की जानकारी मिलने पर ख्याला थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और तीनों आरोपियों को दबोच लिया। वे नेपाल भागने की फिराक में थे। उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त दीपक पुरोहित ने बताया कि मृतक मनीष मेहता रघुबीर नगर इलाके में रहता था। परिवार में पत्नी, दो बेटी और एक बेटा शामिल है। मनीष निजी गाड़ी चलाकर परिवार का गुजारा करता था।

पुलिस ने बताया कि 8 जुलाई की रात 8 बजे के करीब मनीष जनरल स्टोर पर खड़ा था, तभी नाबालिग ने दो साथियों के साथ ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। मनीष खुद को बचाने के लिए भागा, लेकिन आरोपियों ने उसे सड़क पर गिरा दिया। उसके गिरने के बाद दो नाबालिग लगातार उस पर चाकू से वार करते रहे।

**आराम से फरार हुए :** जानकारी के अनुसार, वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों चाकू लहराते हुए आराम से मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद पहुंची ख्याला थाना पुलिस ने मनीष को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


मनीष, फाइल फोटो

### 'साजिशन अंजाम दिया'

मनीष के भाई अर्जुन का कहना है कि हत्या को साजिशन अंजाम दिया गया। उन्होंने एक शख्स के बारे में बताया जो कैब चलाता है। वही मनीष को घर से बाहर बुलाकर ले गया था।

### पत्नी बोली, मनीष ने माफी मांग ली थी

मनीष की मौत के बाद से परिजन सदमे में हैं। परिवार में पत्नी, दो बेटी, एक बेटा, बूढ़ी मां और भाई अर्जुन है। वारदात के बाद से मनीष की मां बेसुध पड़ी है। उन्हें बेटे की मौत का सदमा इस तरह लगा है कि वह बिस्तर से नहीं उठ पा रही है। पत्नी बीता ने बताया कि आरोपियों से झगड़े के बाद जब वह अपने दोस्तों के साथ उनके घर आया था, तो मनीष ने उससे माफी मांग ली थी और झगड़ा खत्म हो गया था।

### जेजेबी तय करेगा कैसे चलेगा मुकदमा

बाल न्याय (संरक्षण एवं देखरेख) संशोधित अधिनियम 2015 के प्रावधानों के तहत तीनों को नाबालिगों को बालिग मानकर मुकदमा चलाया जा सकता है। लेकिन यह निर्णय जुवनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजेबी) लेगी। जानेमाने अधिवक्ता और जुवनाइल जस्टिस के लिए वर्षों से काम कर रहे अनंत अस्थाना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 2015 में कानून में संशोधन करके यह प्रावधान किया गया कि यदि 16 साल से अधिक उम्र का कोई बच्चा गंभीर अपराध करता है तो उसे बालिग मानकर सामान्य अदालत में मुकदमा चलाया जा सकता है। लेकिन पहले मामला बाल न्यायालय में ही जाएगा।

## पहले भी बने हैवान

- **16 दिसम्बर 2012**
  निर्भया गैंग रेप में निर्भया और उसके दोस्त को नाबालिग ने ही बस में बुलाया था। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे अपराध में सबसे अधिक बर्बर कृत्य नाबालिग का ही था। वहीं, 23 दिसंबर 2015 को कड़कड़डूमा कोर्ट में छेनू पहलवान पर नाबालिगों ने फायरिंग की थी।
- **29 अप्रैल 2017**
  नीरज बवाना गिरोह से जुड़े नाबालिग ने रोहिणी कोर्ट में पेशी पर हिरासत में आए कैदी की हत्या की थी।
- **30 मई 2018**
  तीस हजारी कोर्ट परिसर में पुलिस की हिरासत में पेशी पर आए बदमाश पर नाबालिग ने फायरिंग की थी ।

## यूं पकड़े गए

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

घटना की वीडियो सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। वीडियो में मनीष के पीछे तीन नाबालिग भागते नजर आ रहे हैं। तीनों ने उसे पकड़ा और मारपीट करने लगे। एक नाबालिग उसे गिराकर उसके पेट पर बैठ गया और चाकू से वार करने लगा। एक ने उसका हाथ पकड़ लिया। दो नाबालिगों ने मिलकर मनीष पर एक के बाद एक कुल 70 वार किए। दोनों तब तक वार करते रहे जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

## हमला क्यों

### डेढ़ माह पहले लगाई थी डांट

पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर जब पूछताछ की और हत्या का कारण सामने आया तो सभी चौंक गए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि करीब डेढ़ माह पहले मनीष ने मुख्य आरोपी को डांटा था। नाबालिग गलियों में तेज रफ्तार से बाइक चलाता था और स्टंट करता था। मनीष ने उसे डांट लगाकर ऐसा न करने को कहा था। इसके बाद नाबालिग ने अपने दोस्तों के साथ जाकर मनीष के घर पर झगड़ा भी किया था। झगड़े के बाद नाबालिग मनीष को सबक सिखाने की धमकी देकर गया था। मनीष ने उस पर ध्यान नहीं दिया। 8 जुलाई को मनीष जब घर के काम से दुकान पर गया तो उसके अकेला पाकर नाबालिग ने दोस्तों के साथ मनीष पर हमला कर उसकी हत्या कर दी।

# डेढ़ मिनट तक ताबड़तोड़ वार किए

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

ख्याला थाना क्षेत्र में हुई 25 वर्षीय मनीष मेहता की हत्या में शामिल नाबालिग डेढ़ मिनट से ज्यादा समय तक मनीष पर चाकू बरसाते रहे। वारदात के दौरान एक दर्जन वाहन और बड़ी संख्या में लोग वहां से गुजरे, लेकिन किसी ने मनीष को बचाने की कोशिश नहीं की।

यही वजह रही कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद आराम से वहां से भाग निकले। आरोपियों के जाने के बाद भी मनीष घायल सड़क पर तड़पता रहा। लोग न तो उसके पास गए और न ही उसकी मदद की।

**भागने की कोशिश नाकामयाब :** वारदात के दौरान मनीष दुकान पर खड़ा था। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंच गए। उन्होंने मनीष को पीटा और चाकू मार दिया। पहले वार के बाद मनीष मौके से भागा। तीनों आरोपी उसके पीछे भागे और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। एक नाबालिग ने उसे गिराया और फिर दो उसे चाकू मारने लगे। आरोपियों ने डेढ़ मिनट तक मनीष पर चाकू बरसाए। इस दौरान एक नाबालिग ने दूसरे को रोका और दो बार मनीष को छोड़ कर चलने के लिए भी कहा। लेकिन गुस्साए नाबालिग ने उसे नहीं छोड़ा और फिर से चाकू बरसाने शुरू कर दिए। पुलिस की जांच में समाने आया है कि मनीष के शरीर पर 70 घाव हैं। डॉक्टरों का कहना है कि मनीष के शरीर के कई अनदरूनी भाग चाकू बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके थे।

### सड़क पर मच गई भगदड़

आरोपियों को मारपीट करते देख सड़क पर भगदड़ मच गई। वारदात के दौरान पहले से सड़क पर खड़े लोग भाग खड़े हुए। इसी दौरान वाहनों और साइकिलों की आवाजाही शुरू हो गई। लगभग एक दर्जन वाहन वहां से निकले। मनीष मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन वहां से गुजर रहे लोग इसे अनसुना कर वहां से गुजरते रहे। किसी ने आरोपियों को रोकने की हिम्मत नहीं दिखाई। आरोपियों के जाने के बाद भी लोगों ने मनीष को अस्पताल पहुंचाने की जहमत नहीं उठाई। किसी राहगीर ने पुलिस को फोन किया। पुलिस उसे अस्पताल लेकर गई।

# दुर्घटना के चलते बच्ची तक नहीं पहुंची प्लेटलेट्स, मौत

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

**दर्दनाक**
- रेडक्रास सोसायटी से लौट रहे लोगों को कार ने मारी टक्कर
- दुर्घटना में प्लेटलेट्स गिरकर सड़क पर बिखर गई

तिलक मार्ग इलाके में शनिवार तड़के तेज रफ्तार लग्जरी कार चालक ने प्लेटलेट्स लेकर लौट रहे परिवार की कार को टक्कर मार दी। इस घटना में तीनों लोग घायल हो गए। समय से प्लेटलेट्स नहीं चढ़ पाने के कारण घायल परिवार की नवजात बच्ची की अस्पताल में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, पेशे से टेंट व्यवसायी 36 वर्षीय विशाल सिंह परिवार सहित त्रिलोकपुरी इलाके में रहते हैं। विशाल की पत्नी रेशमा ने 3 जुलाई को बेटी को जन्म दिया था। बच्ची बेहद कमजोर थी और इस वजह से लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

डॉक्टरों ने प्लेटलेट्स की कमी बताई थी और परिवार को इसकी व्यवस्था करने के लिए कहा था। शनिवार तड़के विशाल के बड़े भाई शक्ति अपनी पत्नी पुष्पा एवं बहन शिल्पा के साथ रेडक्रास सोसायटी में प्लेटलेट्स लेने के लिए गए थे। प्लेटलेट्स लेकर तीनों कार से लौट रहे थे, तभी तिलक मार्ग रेडलाइट पर आईडीओ की ओर से आ रही लग्जरी कार ने शक्ति की कार में टक्कर मार दी। घटना में कार के परखच्चे उड़ गए और प्लेटलेट्स की थैली भी सड़क पर बिखर गई। तीनों कार सवार बेहोश हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, आरोपी चालक शहजाब शेख कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। कार सवार तीनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन प्लेटलेट्स नहीं मिलने की वजह से नवजात ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# कोरोना पीड़ित बुजुर्ग की बेटी ने आत्महत्या की

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में कोरोना से पिता की हालत बिगड़ने पर रविवार रात उसकी शादीशुदा बेटी ने फांसी लगाकर जान दे दी। 23 वर्षीय शबनम के पास से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ससुराल पक्ष के लोगों के मुताबिक पिता की बीमारी के चलते वह काफी परेशान रहने थी, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। वहीं, मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के अलावा क्षेत्रीय एसडीएम मामले की जांच कर रहे हैं।

शबनम परिवार के साथ शास्त्री पार्क के गली नंबर-7 में रहती थी। परिवार में पति जावेद और चार साल का एक बेटा है। जावेद का अपना कारोबार है। अक्तूबर 2015 में शबनम की शादी हुई थी। उसका मायका सोनिया विहार में है। शबनम के ससुराल पक्ष का कहना है कि उसके पिता मोहम्मद अलाउद्दीन कोरोना संक्रमित हो गए। उनकी हालत गंभीर है और सर गंगाराम अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसी के चलते शबनम परेशान थी। ससुराल पक्ष का कहना है कि रविवार रात को उसने अपनी मां से फोन पर बात की थी। इसके बाद वह मकान की तीसरी मंजिल पर अपने कमरे में चली गई। वहां उसने पंखे पर फंदा लगाकर जान दे दी। रात करीब 9:30 बजे वे जब तीसरी मंजिल पर पहुंचे तो शबनम फंदे से लटक रही थी।

### भाई ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया

शबनम के भाई समीर का आरोप है उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। उसे अपने पति के चरित्र पर भी शक था। इसे लेकर वह परेशान रहती थी। आरोप है कि उनकी बहन की हत्या की गई है। पुलिस टीम के अलावा और एसडीएम मामले की जांच कर रहे हैं।

## संक्षेप

### कैब में बिठाकर 60 से अधिक लूटपाट

**नई दिल्ली।** पुलिस गिरफ्त में आए कैब चालक ने सवारी से लूटपाट की 60 से अधिक वारदातों को अंजाम दिया। 21 वर्षीय बीटेक छात्र शाहिद शुक्रवार रात को कश्मीरी गेट बस अड्डे के पास लूट के शिकार हुए थे। उनकी सूचना पर तीमारपुर थाने के क्रैक टीम के एसआई आशोक मीणा ने कैब को खजूरी खास से ढूंढ़ निकाला।

### रेस्त्रां में जुआ खेलते 32 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिला स्पेशल स्टाफ ने शनिवार को रेस्त्रां में छापा मारकर जुआ खेल रहे 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। पांच लाख रुपये से अधिक की रकम भी बरामद की गई है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन के नेतृत्व में स्पेशल स्टाफ के एसआई दीपक ने सूचना के आधार पर रेस्त्रां में छापा मारा। वहां 32 लोग जुआ खेलते पकड़े गए।

### सब्जियों में छिपाकर शराब तस्करी, पकड़ा

**नई दिल्ली।** सदर बाजार पुलिस ने सब्जियों में छिपाकर शराब तस्करी करने वाले शख्स को रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी संजीब के कब्जे से पांच हजार बोतल हरियाणा की शराब और एक वाहन जब्त किया गया। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो ऊपर से सब्जियां रखी गई थीं। टोकरे हटाने पर शराब की बोतलें मिलीं।

### कोविड केंद्र में दिखाई गई फिल्म सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कोविड केंद्रों में मरीजों के मनोरंजन का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। सोमवार को राष्ट्रमंडल खेलों के स्टेडियम में बनाए गए कोविड केंद्र में अमिताभ बच्चन की फिल्म सरकार मरीजों को दिखाई गई। कोविड केंद्र में मरीजों के के लिए लूडो, चेस, कैरमबोर्ड जैसे खेलों की व्यवस्था की गई है।

# पासवर्ड नहीं बताने पर पकड़े गए

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

**शिकंजा**
- चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोबाइल का पासवर्ड पूछा था
- बदमाशों की बाइक भी जांच के दौरान चोरी की निकली

पूर्वी दिल्ली में मयूर विहार में इलाके में शनिवार को चेकिंग के दौरान बदमाश अपनी ही जेब पड़े मोबाइल फोन का अनलॉक पासवर्ड नहीं बता सके। इसके बाद पुलिस ने बाइक पर सवार दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान उनकी बाइक भी चोरी की निकली।

पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी करनैल उर्फ रोहित और शाहरुख झपटमारी को अंजाम देते थे। वे झपटमारी के मोबाइल फोन राजेश उर्फ कन्नी को बेचते थे। पुलिस ने राजेश को भी गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों के पास से दो बाइक और आठ मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

पूर्वी जिले के डीसीपी जसमीत सिंह ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने झपटमारों के खिलाफ जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस मयूर विहार फेस-एक मेट्रो के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक आते दिखे। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। उनकी बाइक फिसल कर गिर गई। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी करनैल की जेब से एक मोबाइल फोन मिला।

पुलिस ने मोबाइल खोलने के लिए उससे अनलॉक पासवर्ड पूछा। इस दौरान वह पासवर्ड नहीं बता सका। जांच के दौरान बाइक आनंद विहार इलाके से चोरी की निकली। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि शनिवार सुबह भी पश्चिमी विनोद नगर से मोबाइल को झपटा था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

DIGICONTENT LIMITED
**CIN:** L74999DL2017PLC322147
**Registered Office:** Hindustan Times House (2nd Floor), 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110 001
**Tel.:** +91-11- 6656 1234, **Fax:** +91-11- 6656 1270
**E-mail:** investor@digicontent.co.in, **Website:** www.digicontent.co.in

**NOTICE**

**NOTICE** is hereby given that pursuant to SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a meeting of the Board of Directors of Digicontent Limited will be held on Tuesday, the 21st July, 2020, to, inter-alia, consider and approve the Un-audited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the quarter ended on 30th June, 2020. Investors may visit the website of the Company viz. www.digicontent.co.in and the Stock Exchanges viz. www.nseindia.com and www.bseindia.com for further details in this regard.

Further, in terms of Company's "Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading by Designated Persons", the trading window for trading in the equity shares of the Company shall be closed **from Tuesday, the 30th June, 2020 to Thursday, the 23rd July, 2020** (both days inclusive), for the above purpose.

For **Digicontent Limited**
Sd/-
**(Vikas Prakash)**
**Company Secretary**
**Place:** New Delhi
**Date:** 13th July, 2020

टीवी, मोबाइल और कम्प्यूटर
तेजी से घटा सकते हैं आँखों की रौशनी।
घंटों टीवी, मोबाइल और कम्प्यूटर के इस्तेमाल से **आँखों की रौशनी का कमजोर होना, आँखों में ड्राइनेस, जलन, लालपन और तनाव** जैसी समस्या होने का यह मुख्य कारण है। आँखों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को दूर करने के लिये रोजाना इस्तेमाल करें आयुर्वेदिक आइसोटीन आई ड्रॉप, जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।
1 से 100 साल तक के सभी व्यक्ति आइसोटीन आई ड्रॉप का प्रयोग कर सकते हैं।

2 बूंद
दिन में तीन बार
डॉ. एम. एस. बासु
आइसोटीन आई ड्रॉप
आँखों के लिये सर्वोत्तम आयुर्वेदिक टॉनिक
JAGAT PHARMA
MANUFACTURER OF AYURVEDIC PRODUCTS
GMP & ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY
सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध | ऑनलाइन ऑर्डर करें: www.isotineeyedrops.com | कस्टमर केयर नं.: 1800 102 8191 (10am - 6:30pm)
ई-मेल: eyecare@isotineeyedrops.com | व्यापारिक पूछताछ के लिये सम्पर्क करें: North Sales Head : Rupak Kumar-9999966425, ASM : Umesh Pandey Delhi-9871874188

Divisa
www.divisastore.com

दाद, खाज, खुजली से ना घबरायें
'इचकू' मलहम आज ही ले आयें
जी हाँ, यदि आप दाद, खाज, खुजली, त्वचा विकार, पित्ती, सूखा एक्ज़िमा आदि से परेशान हैं तो निराश न हों। क्यूंकि 'इचकू' आयुर्वेदिक मलहम इन सबके लिए गुणकारी दवा है। 'इचकू' मलहम शुद्ध गन्धक, स्फटिका भस्म, टंकण भस्म व राल आदि से बना है।
यह एक प्रमाणित आयुर्वेदिक औषधि है।
● असर पहले दिन से
● न चिपचिप, न दाग धब्बे

डा. जुनेजा का इचकू®
आयुर्वेदिक मलहम
www.itchku.in
24x7 Helpline: 0171-3055288
इचकू लॉशन, साबुन व पाउडर भी उपलब्ध
Available at all leading medical and general stores
From the house of Divisa Herbal Care
Dr. Ortho | Roop Mantra | पेट सफा | SACHI SAHELI

# June quarter earnings to remain depressed on lockdown impact

Analysts will closely monitor management commentary on recovery path from covid-induced turmoil

Nasrin Sultana
nasrin.s@livemint.com
MUMBAI

Corporate earnings in the June quarter are expected to stay depressed with companies bearing the full impact of two months of lockdown that dented business activity, worsening the already-weak earnings trajectory.

Analysts and investors are likely to closely monitor management commentary on the recovery path from the turmoil caused by covid-19. Extended lockdown in several metros, rise in unemployment and wage cuts have weakened consumer sentiment, hurting consumption demand.

Sales and profitability of most consumer companies will decline because of disruptions in manufacturing and supply chain, according to analysts. However, lower input cost and operating expense may offer some relief to an otherwise sharper earnings before interest, taxes, depreciation, and amortization (Ebitda) margin decline in the quarter. Automobiles, metals and mining, construction materials, oil, gas, and consumable fuels may suffer steep declines in earnings, while companies in discretionary consumption sectors are also likely to get impacted due to the hit on household incomes.



The pharma sector is likely to outperform in Q1FY21 given its essential nature, as per Motilal Oswal. MINT

Sales, Ebitda, and net profit of Nifty companies will decline 30%, 17%, and 40%, respectively in the June quarter, said Gautam Duggad, head of research at Motilal Oswal Financial Services. For companies under the brokerage firm's coverage, sales, Ebitda, and net profit are estimated to be down 31%, 24% and 52%, respectively in the first quarter of FY21. Duggad expects the pharmaceuticals sector to outperform in Q1FY21 given its essential nature while the IT sector may also deliver relatively robust numbers.

IT major Tata Consultancy Services, which has already announced its June quarter results, missed the dollar revenue estimate but the management said that the worst impact of covid-19 is behind even as some variables such as pricing and working capital cycles warrant a close watch.

"Key trends to watch out in June quarter will be market share gains for the large organized sector because of stress in the small unorganized segment. For BFSI, it will be important to watch commentary on the moratorium trends under moratorium 2.0," said Duggad.

Analysts at Kotak Institutional Equities expect net profit of Sensex companies to drop 19% year-on-year (y-o-y) and that of Nifty firms to decline 30% y-o-y. It estimates earnings per share (EPS) of Sensex at ₹1,568 for FY2021 and ₹2,045 for FY22 and of the Nifty at ₹447 for FY21 and ₹618 for FY22. "We expect net profits of under coverage universe to decline 46% y-o-y (decline 61% y-o-y excluding banks/diversified financials) in Q1FY21 as economic activity declined sharply due to the outbreak and subsequent lockdown for a good part of the quarter. We expect a large y-o-y decline in net income of several sectors," it said.

With cost and capex rationalization as priority, Edelweiss Securities Ltd believes that the 20% consensus earnings compound annual growth rate for next two years is prone to downgrades. "Domestic-oriented names (consumption and investment) and financials are more susceptible to earnings risk than export-oriented ones. Also, in FY21, there could be supply disruptions as well apart demand weakness," it said.

Analysts expect the second half of the fiscal to show sequential and gradual revival. However, the severity of lockdowns, re-emergence of covid cases, government policy actions to drive demand and potential extension of moratorium by RBI are factors that have significant bearing on the pace of recovery in corporate earnings.

**DOWNWARD TRAJECTORY**

**THE** profitability of most consumer firms are likely to decline due to supply chain disruptions

**SALES**, Ebitda, and net profit of Nifty firms will decline 30%, 17%, and 40%, respectively: analyst

**ANALYSTS** expect net profit of Sensex firms to drop 19% y-o-y and that of Nifty firms to decline 30% y-o-y

**EXPERTS** expect the second half of the fiscal to show sequential and gradual revival

**Britain set to ban Huawei from 5G, though timescale unclear**

bit.ly/306RsMY

# Govt may step in to limit tech dominance over online data

FROM PAGE 1

person and can be details such as weather conditions, data from sensors and public infrastructure. It also includes data, which was initially personal, but was later made anonymous, according to the definition in the draft document.

It said that non-personal data can also be sensitive, if it is related to national security or strategic interests, confidential business information or if it is anonymized data that has a risk of being re-identified.

"So, would Uber want to share anonymized hourly passenger traffic to indicate the busiest routes to benefit competing startups, with no compensation? The report suggests that data can be requested from businesses and government by government, citizens, startups, private firms, non-profit. That would be really worrying for firms who have invested hundreds of millions to set up the networks and apps that capture that data," said Roy.

**Non-personal information includes data which was initially personal, but was later made anonymous**

The draft suggested that the owner of the data should provide consent for anonymization and usage of this data by others.

It also provided technology-related guidelines for digitally implementing the recommended rules and regulations around data sharing.

The committee that was set up last year includes Debjani Ghosh, president of Nasscom; Neeta Verma, director general, National Informatics Centre, and Ponnurangam Kumaraguru, Indraprastha Institute of Information Technology Delhi member.

The development comes months after the ministry of electronics and information technology framed a draft personal data protection bill, which is currently being discussed by a joint select committee of both houses—Lok Sabha and Rajya Sabha—after which it shall be debated in Parliament.

The proposed personal data protection law deals mainly with personal data, leaving out details pertaining to non-personal data.

The draft report on non-personal data is the first step to deal with such sensitive data and will ensure that there is required governance and controls in place for sharing sensitive information, said Mini Gupta, partner at EY.

"However, mandatory data sharing can be a contentious issue, and there is a need for a framework such that if a company needs to share data, then required secure mechanisms are in place," Gupta said.

*shreya.n@livemint.com*

# Lakshmi Vilas Bank in talks with investors to raise ₹1,000 cr more

PTI
feedback@livemint.com
NEW DELHI

Less than a month after striking a deal with Aion Capital-backed non-banking financial company (NBFC) Clix Capital Services Pvt. Ltd for fund infusion, Lakshmi Vilas Bank (LVB) chief S. Sundar has said the lender is in talks with other investors to mop up ₹1,000 crore additional capital. The bank is looking at ways to bolster its capital adequacy ratio and the merger deal with Clix Capital would bring in ₹1,900 crore for the bank.

The bank needs capital to grow and make profit, and "we have got Clix as they have expressed their interest to merge with the bank. The advantage is that they are capital surplus and we are capital deficit," LVB managing director and chief executive officer (CEO) Sundar told *PTI* in an interview.

"We need capital, they have surplus capital. So I find it is a very good alignment in the sense that they have about ₹1,900 crore of capital (surplus)," he said.

While noting that the merger with Clix would give enough strength to do business, Sundar said the bank was in need of additional funds.

Explaining the deal with the Gurgaon-based investor, Sundar said Clix is bringing about ₹4,500 crore-₹4,600 crore as assets, of which ₹1,900 crore is shareholders' fund. "I find this is a very good alignment in the sense that they have about ₹1,900 crore of capital and their assets are about ₹4,500 crore-₹4,600 crore or so. They may need capital allocation of 10 per cent on it, (which means) about ₹500 crore. So, there is a surplus capital of ₹1,400 crore. Thus, on merger, it should come to the bank. "After allocating ₹500 crore capital for Clix's assets, the bank will be left with a surplus shareholders' fund of about ₹1,400 crore from Clix, for use on the bank's assets. This fund is sufficient for the bank. On the top of this, the bank's advisers have also received interest from other investors to the tune of ₹1,000 crore," he added.



Lakshmi Vilas Bank says it is looking at ways to bolster its capital adequacy ratio. HT

In mid-June, the bank announced receipt of a non-binding letter of intent from Clix Group for amalgamation of Clix Capital Services and its subsidiary into the bank.

"In addition to the proposal from Clix Group, and the bank's advisers, we look for few large marquee long-term investors as well in mutual consultation," the bank had said while announcing the deal last month. When asked about the timeline to close the deal, Sundar said due diligence process was on after signing the letter of intent. "We have fixed a maximum of 45 days (to close the deal)," he added.

"On the regulatory hurdle, I don't think there should be any issue. They (Clix) are smaller compared to our bank, they are high on capital but on asset size we have assets of ₹20,000 crore and their assets are only about ₹5,000 crore...Merger should not be very difficult in the normal way," Sundar said.

**While noting that the merger with Clix would bolster business, the LVB chief said the bank was in need of more funds**

# MG Motor launches Hector Plus in India

Malyaban Ghosh
malyaban.g@livemint.com
NEW DELHI

MG Motor India Pvt. Ltd on Monday launched the Hector Plus, a six-seater sport utility vehicle (SUV), with a price tag of ₹13.48-18.53 lakh, the company's third product for the Indian market after Hector (mid-size SUV) and ZS EV (an electric SUV).

Hector Plus comes with turbo-charged 1.5 litre petrol and 2 litre diesel engines and will be available in four variants,style, super, smart, and sharp.

Since the launch in 2019, New entrants MG Motor and Kia Motors have challenged established car manufacturers, such as Tata Motors Ltd and Mahindra and Mahindra Ltd with their product and technology offerings. MG's Hector was the most selling vehicle in the price range within six months of the launch, despite an economic slowdown that led to a fall in vehicle sales.



Hector Plus, with a price tag of ₹13.48-18.53 lakh, comes with turbo-charged 1.5 litre petrol and 2 litre diesel engines, and will be available in four variants—style, super, smart and sharp.

The Hector Plus comes with captain seats in the middle row with new dual-tone smoked sepia brown interiors, besides new headlamps and chrome-studded front grille. It also offers the next-gen iSMART technology with a chit-chat feature, which lets you talk to the vehicle while driving. Its other features include the smart swipe, front and rear bumpers, rear taillight design, and revised skid plates, the company said.

MG has collaborated with used car selling platform, Car Dekho, for selling Hector Plus from customers at 60% of the value after three years.

The price range for the segment is between ₹16.44 lakh and ₹22.43 lakh, but the company is offering an aggressive introductory price that is less than all the existing products in the Indian market, said Rajeev Chaba, president, MG Motor India. "We entered the Indian automobile market in 2019 with the Hector. Our vision has been to touch the lives of car owners in India by offering them the world's best technology, including connected mobility. The launch of Hector Plus is a new milestone in our journey and we are committed to serving customers with top-notch products and service," added Chaba.

"Since the launch of MG's Hector in India, we have been trying to set new standards in innovation and technology and attempting to disrupt the industry. The six-seater MG Hector Plus is an output of multiple conversations we had with our customers and engineers. We have attempted to utilize the ample space in the car to deliver more comfort and convenience for our customers," said Gaurav Gupta, chief commercial officer, MG Motor India.

MG had resumed manufacturing in the last week of April.

# Asia-Pacific airlines worst hit by virus: Iata

Rhik Kundu
rhik.k@livemint.com
NEW DELHI

Airlines in Asia-Pacific countries, including India, will post losses of $29 billion in 2020, making it the worst region for aviation, thanks to the coronavirus pandemic, International Air Transport Association (Iata) has said.

Carriers in Asia-Pacific will see passenger demand (measured in revenue passenger kilometres, or RPK) collapse 53.8% from the previous year, while capacity (in available seat kilometres, or ASK) will reduce by 39.2%, the aviation industry group said in a statement.

"2020 is the worst year in aviation history and airlines are in survival mode. The carriers in Asia-Pacific will experience the largest losses at $29 billion. That's a loss of $30.09 per passenger," Conrad Clifford, Iata's regional vice president for Asia Pacific said in the statement.



The carriers in Asia-Pacific will post losses of $29 billion in 2020, according to Iata. BLOOMBERG

"It will take a few years for the industry to get back to 2019 levels of activity," added Clifford.

According to Iata, the global airline industry is expected to report losses of $84.3 billion during 2020 due to covid-19.

Meanwhile, air passenger traffic in India is expected to decline by 49% during 2020, compared with the previous year. The covid-19 pandemic could result in over three million job losses across the aviation and related sectors such as tourism and hospitality.

The Indian government grounded domestic aviation for a two-month period from 25 March to 25 May. Though domestic services were allowed to resume, albeit in a limited capacity, international flights continue to remain grounded at least till 31 July.

Indian airlines have cut jobs and salaries, and renegotiated contracts with vendors to survive the crisis. Excluding market leader IndiGo, Indian airlines will need to raise a minimum of $3.5 billion to survive the grounding, aviation consultancy firm Capa India said last month.

Domestic traffic is expected to decline to about 55 million this fiscal year while international traffic is expected to fall to about 20-27 million during the current fiscal year, because of subdued travel demand following the pandemic, Capa India added.




DELHI METRO RAIL CORPORATION LTD.
(A Joint Venture of Govt. of India and Govt. of NCT Delhi)

INDICATIVE ADVERTISEMENT

Delhi Metro Rail Corporation Limited, Lifeline of Delhi, invites application for the post of :

DIRECTOR (BUSINESS DEVELOPMENT)

(IDA Pay Scale of Rs. 180000 - 340000/-)

The last date for receipt of application is: 04.08.2020




This Advertisement is only indicative. For details, login to DMRC's website www.delhimetrorail.com

Advertisement No. DMRC/862/2020

DIGICONTENT LIMITED
CIN: L74999DL2017PLC322147
Registered Office: Hindustan Times House (2nd Floor), 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110 001
Tel.: +91-11- 6656 1234, Fax: +91-11- 6656 1270
E-mail: investor@digicontent.co.in, Website: www.digicontent.co.in

NOTICE

NOTICE is hereby given that pursuant to SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a meeting of the Board of Directors of Digicontent Limited will be held on Tuesday, the 21st July, 2020, to, inter-alia, consider and approve the Un-audited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the quarter ended on 30th June, 2020. Investors may visit the website of the Company viz. www.digicontent.co.in and the Stock Exchanges viz. www.nseindia.com and www.bseindia.com for further details in this regard.

Further, in terms of Company's "Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading by Designated Persons", the trading window for trading in the equity shares of the Company shall be closed **from Tuesday, the 30th June, 2020 to Thursday, the 23rd July, 2020** (both days inclusive), for the above purpose.

For **Digicontent Limited**
Sd/-
**(Vikas Prakash)**
**Company Secretary**

Place: New Delhi
Date: 13th July, 2020